## घरेलू नुस्खे

1) तुलसी के पत्र काले नमक के साथ मुंह में रखने से दमा के रुग्ण को चामत्कारिक लाभ मिलता है।

2) तुलसी पत्र का रस 4 चम्मच व शहद 2 चम्मच मिलाकर लेने से दमा में लाभ होता है।

3) रात को सोने के पूर्व भुने चने खाकर ऊपर से थोड़ा गरम दूध पी लीजिए। इससे श्वास की नली साफ हो जाने से दमा दूर हो जाएगा।

4) एरंड के पत्ते 50 ग्राम, छोटी पिप्पली और दालचीनी का चूर्ण 10–10 ग्राम को 400ml पानी में उबालें। जब 50ml पानी शेष रहे, तब गुड़ मिलाकर पिलाएं। यह काढ़ा सुबह–शाम पिलाने से दमा–खांसी में लाभ होता है।

5) 1 तोला गुड़ व 1 तोला सरसों का तेल मिलाकर दिन में 1 बार लगातार 3 सप्ताह तक लेने से श्वास रोग में लाभ होता है।

6) सोंठ, काली मिर्च, छोटी पीपल और मिश्री सभी 10–10 ग्राम, बीज निकला मुनक्का 50 ग्राम, गोदंती भस्म 10 ग्राम तथा 10 पत्ते तुलसी इन सबको खरल में बारीक पीसें तथा मूंग जितनी बड़ी गोलियां बनाकर छाया में सुखाएं। 2–2 गोली सुबह–शाम गरम पानी के साथ देने से दमा–सर्दी–खांसी में उत्तम लाभ होता है।

7) खाने का नमक डेढ़ तोला लेकर सुनार की सोना गलाने की कुठाली में पकवा लें। अब उसका स्वरूप भस्म जैसा हो जाएगा। इस नमक को बारीक पीस लें। रात्रि में भोजन के उपरांत 2 मुनक्का (दाख) लेकर उसके बीज निकालकर, डेढ़–डेढ़ रत्ती नमक उसमें भरकर गोली जैसा बना लें। फिर धीरे–धीरे दोनों गोलियां चूस लें। इसके बाद 4 घंटे पानी नहीं पिएं। इसी तरह उपचार करते रहने से अवश्य लाभ होगा।

8) वासा, भारंगीमूल, नागरमोथा, ज्येष्ठमध, रिंगणी (कंटकारी) समान भाग लेकर कपड़े से छानकर चूर्ण बनाएं। 1 मासा चूर्ण शहद के साथ दिन में 2–3 बार चाटें, इससे फुफ्फुसों के विकार ठीक होते हैं और उन्हें ताकत मिलती है।

9) वेग के समय अदरक, तुलसी पत्र, लौंग इत्यादि डालकर बनाई गई चाय लेने से लाभ होता है।

10) अदरक, कच्ची हल्दी 1–1 किलो को साफ करके छील लें व मिक्सर में बारीक पीसें। इसे कढ़ाई में 100 ग्राम घी डालकर भूनें। जब घी छोड़ने लगे, तो नीचे उतार लें। तत्पश्चात पिसी मिश्री 2 किलो व शहद 125 ग्राम मिलाएं। अंत में पिसी हुई छोटी पिप्पली, दालचीनी, तेजपान, लौंग, इलायची, जावित्री और वंशलोचन सभी 20–20 ग्राम मिलाएं व सुरक्षित रखें। यह अवलेह दमा, खांसी, जुकाम में अत्यंत लाभकारी है। बच्चों के लिए आधा–आधा चम्मच और वयस्कों के लिए 2–2 चम्मच तक की मात्रा दें। ऊपर से दूध अवश्य पिलाएं।

11) अदरक पाक : 500 ग्राम अदरक के छोटे–छोटे टुकड़े कर घी में भूनें व 500 ग्राम गुड़ की चाशनी में पकाएं। थोड़ा गाढ़ा हो जाने पर त्रिकटु, लौंग, इलायची, दालचीनी, तेजपान, जीरा, स्याहजीरा, जावित्री, नागकेशर, धनिया, विडंग, पिपरी मूल प्रत्येक 10–10 ग्राम का बारीक चूर्ण मिलाएं व सुरक्षित रखें। सुबह–शाम ) से 2 चम्मच गरम दूध के साथ खिलाएं।

12) एलर्जिक श्वास में 1 किलो गुड़ की 1 तार की चाशनी बनाएं व उसमें पिसी हुई 50 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम अदरक व 20 दाने काली मिर्च को मिला दें व नीचे उतारकर ठंडा करें। आधा से 1 चम्मच दिन में 3 बार गरम पानी के साथ दें।

13) करीब 4 लौंग पानी में उबाल लें। एक–एक घूंट की मात्रा में कई बार इसे पिएं।

14) रात को सोने से पहले गर्म पानी की भाप लें। इससे श्वास नलिका साफ होकर बलगम भी हट जाता है।

15) दमा के रोगी के लिए स्वच्छ वायु अत्यंत आवश्यक है। सुबह–शाम बगीचे या खुली जगह में उसे टहलना चाहिए। शुद्ध वायु दमा के रुग्ण के लिए उत्तम औषधि है।

उक्त नुस्खों में से सुविधानुसार 1 या 2 नुस्खे प्रयोग करें।

## आहार चिकित्सा

**भोज्य पदार्थ -**

1) रोगी का आहार ताजा, कफ निवारक, सुपाच्य, पौष्टिक, उष्ण गुणात्मक एवं क्षारयुक्त होना चाहिए। इस प्रकार

